प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदरमाना बाजार में आज एक पटाखे की दुकान में आग लग गयी। इस हादसे में दुकानदार समेत पांच लोगों की जलकर मौत हो गयी। सूचना के मुताबिक पूर्वांह्ण करीब साढे ग्यारह बजे पटाखे की दुकान में अचानक आग लग गयी। आग लगते ही पूरे बाजार में अफरा–तफरी मच गई। सूचना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तबतक दुकानदार सहित पांच लोगों की मौत हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**********

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन आज दूसरी पाली में शिक्षा विभाग की अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। चर्चा की शुरुआत भाजपा विधायक नीरा यादव ने की। इससे पहले आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर चर्चा की मांग रखी।

इसके बाद भाजपा विधायक वेल में चले गये और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। विपक्ष के हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन के बाहर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

*****************

इधर, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वीकार किया है कि झारखंड में जितने भी क्राइम हो रहे है, उसमें ज्यादातर की प्लानिंग जेल के अंदर से हो रही है। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस जेल के अंदर रची जा रही साजिश को विफल करने का लगातार प्रयास कर रही है।

*****************

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा सिविल कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका वापस लेने के साथ ही राहुल गांधी को मिली राहत भी अब खत्म हो गयी है।

*****************

देवघर एम्स में इसी माह से इमरजेंसी सेवा शुरू हो जाएगी। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*****************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा आज हिंदी कार्यशाला और त्रैमासिक हिंदी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के प्रोफेसर रत्नेश सेन और हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार राकेश मिश्रा अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। मंच पर आकाशवाणी रांची की समाचार प्रमुख शिल्पी समेत पीआईबी, सीबीसी, दूरदर्शन के कई अधिकारी मौजूद थे।

*****समाप्त*****